Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding Broadcast of Akashvani Programme in Marathi Language.

श्री रामदास तडस (वर्धा): धन्यवाद अध्यक्ष महोदय। सदन के माध्यम से मैं माननीय सूचना प्रसारण मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि महाराष्ट्र के सभी 23 आकाशवाणी केंद्रों द्वारा प्रात: पाँच बजकर पचपन मिनट से रात को ग्यारह बजकर बीस मिनट तक मराठी भाषा के अंतर्गत तीनों प्रसारण सभाएं शुरू थीं, किन्तु 1 जुलाई, 2022 को प्रसार भारती की ओर से दिए गए निर्देश के तहत मराठी भाषा का स्थानीय प्रसारण सिर्फ पाँच घंटे तक सीमित कर दिया है। प्रसार भारती द्वारा स्थानिक भाषा में की गई कपात केवल महाराष्ट्र, गोवा और मध्य प्रदेश के लिए मर्यादित है। महाराष्ट्र के सीमावर्ती राज्य कर्नाटक और गुजरात के प्रसारण हेतु कोई बदलाव नहीं किया गया है। जबकि, महाराष्ट्र, गोवा और मध्य प्रदेश में रहने वाले मराठी भाषा के अधिकांश ऐसे लोग हैं, जिन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है।

महोदय, मेरा आपसे निवेदन है कि पूर्व की तरह सभी 23 आकाशवाणी केंद्रों द्वारा प्रात: पाँच बजकर पचपन मिनट से रात को ग्यारह बजकर बीस मिनट तक मराठी भाषा के अंतर्गत तीनों प्रसारण सभाएं शुरू कराने की कृपा करें।